अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजना के आवेदन 24 से

घर से दूर पढ़ाई करने वाले 5500 छात्रों को मिलेंगे 2 हजार रुपए प्रतिमाह

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। राजस्थान में घर से दूर रहकर पढ़ाई करने वाले यूजी-पीजी कॉलेज के छात्रों को सरकार की अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2023-24 में हर माह दो हजार और अधिकतम दस हजार रुपए लेने के लिए 24 जुलाई से आवेदन किया जा सकेंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने बताया कि ऑनलाइन पोर्टल 24 जुलाई से प्रारंभ किया जा रहा है, अभ्यर्थी 31 अगस्त तक आवेदन कर सकेंगे। जिला मुख्यालय पर संचालित समस्त राजकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत यूजी और पीजी के कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के छात्र जो घर से दूर रहकर, कमरा किराए पर लेकर या पेईंग गेस्ट के रुप में अध्ययन करते हैं। उन छात्रों के लिए आवास, भोजन एवं बिजली-पानी इत्यादि सुविधा के पुनर्भरण के रूप में योजना के तहत राहत को राशि दी जा रही है। कॉलेज में प्रवेश होने की तिथि से यह राशि दी जाएगी। योजना के तहत अनुसूचित जाति के 1500, अनुसूचित जनजाति के 1500, अन्य पिछड़ा वर्ग के 750, अति पिछड़ा वर्ग के 750, आर्थिक पिछड़ा वर्ग के 500 एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 500 इस प्रकार कुल 5500 छात्रों को लाभान्वित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

Education News